कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष भू–प्रबंध), सतपुड़ा भवन, मध्यप्रदेश, भोपाल

क्रमांक / एफ–5 / 891 / 2020 / 10–11 / 3284 भोपाल, दिनांक 22/9/22

प्रेषक :–

सुनील अग्रवाल (भा.व.से.)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) एवं
नोडल अधिकारी वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980
मध्यप्रदेश, भोपाल।

प्रति,

वन महानिरीक्षक,
भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय,
इंदिरा पर्यावरण भवन, अलीगंज, जोरबाग रोड,
नई दिल्ली–110003

विषयः– सिवनी जिले के अन्तर्गत पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी के बफर क्षेत्र में विद्यमान वनग्राम कर्माझिरी को विस्थापित किए जाने हेतु 160.00 हेक्टेयर वन भूमि का वन संरक्षण अधिनियम के तहत प्रस्ताव।

संदर्भः–आपका पत्र क्रमांक / 8-13/2020-FC दिनांक 05.08.2022

––0––

कृपया उपरोक्त संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें। जिसके द्वारा आपने विषयांकित प्रकरण में सैद्धांतिक स्वीकृति जारी करने के पूर्व 02 बिन्दुओं पर जानकारी चाही गई है।

प्रकरण में आपके द्वारा चाही गई जानकारी मुख्य वनसंरक्षक एवं क्षेत्रसंचालक, पेंच टाइगर रिजर्व, सिवनी ने अपने पत्र क्रमांक / मा.चि. / 5377 दिनांक 21.09.2022 से बिन्दुवार जानकारी प्रस्तुत की है, जिसकी छायाप्रति संलग्न है।

अतः प्रकरण में आपके चाहे अनुसार जानकारी की पूर्ति हो गई है। कृपया सैद्धांतिक स्वीकृति जारी करने का कष्ट करें।

संलग्नः–उपरोक्तानुसार।

भवदीय

22/9/2022

(सुनील अग्रवाल)

पृ. क्रमांक / एफ–5 / 891 / 2020 / 10–11 / 3285 भोपाल, दिनांक 22/9/22

प्रतिलिपिः–

1. मुख्य वन संरक्षक (क्षेत्रीय), सिवनी वृत्त, सिवनी, मध्यप्रदेश।
2. क्षेत्र संचालक, पेंच टाइगर रिजर्व, सिवनी, मध्यप्रदेश।
3. वन मण्डलाधिकारी, सामान्य वन मण्डल, दक्षिण सिवनी, मध्यप्रदेश।
4. उप संचालक, पेंच टाइगर रिजर्व, सिवनी, मध्यप्रदेश।

की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

22/9/22

प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध)
मध्यप्रदेश, भोपाल

☎ - 07692 - 223794 Fax - 07692 - 223204
e-mail - fdpennp.sni@mp.gov.in

कार्यालय मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक
पेंच टाइगर रिजर्व, सिवनी (म.प्र.)

पत्र क्रमांक/माचि./ 5377 सिवनी/दिनांक/ 21/9/22

प्रति,

प्रधान मुख्य वन संरक्षक
(भू–प्रबंध)
सतपुड़ा भवन, मध्यप्रदेश भोपाल

विषय – **सिवनी जिले के अंतर्गत पेंच टाइगर रिजर्व, सिवनी के बफर क्षेत्र में विद्यमान वनग्राम कर्माझिरी को विस्थापित किये जाने हेतु 160.00 हे. वन वनभूमि का वन संरक्षण अधिनियम के तहत् प्रस्ताव।**

संदर्भ – 1. भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली का पत्र क्रमांक/8–13/2020–FC दिनांक 05.08.2022।
2. आपका पत्र क्रमांक/एफ–5/894/2020/10–11/2800 दिनांक 16.08.2022।

–0–

निवेदन है कि विषयांकित संदर्भित पत्रों के माध्यम से चाही गयी बिन्दुवार जानकारी निम्नानुसार है।

बिन्दु क्रमांक – 1 वनग्राम कर्माझिरी के विस्थापन हेतु प्रेषित प्रस्ताव में वर्तमान कर्माझिरी वनग्राम का एरिया कार्यआयोजना में वनग्राम को आंवटित एरिया 367.12 हे. की KML file संलग्न की गयी है किन्तु वन संरक्षक के आदेश क्रमांक 1933 दिनांक 21.05.1907 एवं 8494 दिनांक 23.12.1909 के द्वारा वनग्राम कर्माझिरी को स्थापित किया गया था। उक्त आदेश के अनुसार वन ग्राम कर्माझिरी को 04 कक्षों में तत्कालीन कक्ष क्रमांक 19 बी, 20 बी, 43 सी. एवं 44 बी जिनके वर्तमान कक्ष क्रमांक क्रमशः 384, 390, 385 एवं 386 है में क्रमशः 207.200, 38.800, 48.200 एवं 29.600 कुल 323.800 हेक्टेयर रकबा आवंटित किया गया है। अतः कर्माझिरी अभ्यारण्य के अधिसूचना में भी वनग्राम को आवंटित क्षेत्र 323.800 हेक्टेयर ही दर्शाया गया है।

बिन्दु क्रमांक – 2 वनग्राम कर्माझिरी के प्रस्तावित विस्थापन स्थल दक्षिण सिवनी सामान्य वनमण्डल के कक्ष आर–436, एवं आर 437 के अंतर्गत आता है इस हेतु वनमण्डलाधिकारी दक्षिण सिवनी सामान्य को मौका सत्यापन कर चाहे गये बिन्दु क्रमांक –2 की जानकारी हेतु इस कार्यालय के पत्र क्रमांक/मचि./3974 दिनांक 18.08.2022 से लेख किया गया जिसके तारतम्य में दक्षिण सिवनी द्वारा उनके पत्र क्रमांक/माचि/2022/2076 दिनांक 26.08.2022 से प्रेषित प्रतिवेदन एवं मौका पंचनामा, मानचित्र संलग्न प्रेषित है। कक्ष क्रमांक आर–436, 437 में 95.00 हे. क्षेत्र में वर्ष 2009–10 में 30 हे. बांस वर्ष 2014–15 में 60.00 हे. सागौन तथा वर्ष 2017–18 में 5.00 हे. मे ऊर्जावन का रोपण कार्य किया गया जिसमें वर्तमान में जीवितता निम्नानुसार है।

क्र	वनमण्डल	परिक्षेत्र	कक्ष क्रमांक	वृक्षारोपण वर्ष	रोपण का प्रकार	रकबा (हे.)	रोपित पौधे	जीवितता का प्रतिशत	रिमार्क स्थल
1	दक्षिण सिवनी	रूखड़	R-436	2009-10	बांस	30.00	18750	51.00%	जोगीवाड़ा
2			R-436 R-437	2014-15	सागौन	20.00	28000	61.17%	
3			R-437	2014-15	सागौन	30.00	42000	38.07%	
4			R-437	2014-15	सागौन	10.00	14000	67.61%	
5			R-437	2014-15	ऊर्जावन	5.00	1000	61.90%	

संलग्न–उपरोक्तानुसार।

मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक
पेंच टाइगर रिजर्व, सिवनी (म.प्र.)

पत्र पृ. क्रमांक/माचि./ 5378 सिवनी/दिनांक/ 21/9/22

प्रतिलिपि– प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) मध्यप्रदेश भोपाल की ओर सूचनार्थ संप्रेषित।
संलग्न– उपरोक्तानुसार।

मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक
पेंच टाइगर रिजर्व, सिवनी (म.प्र.)

o/c